<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–16 मार्च 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारतीय मानक ब्यूरो ने लखनऊ समेत देश के कई शहरो में ई–कामर्स प्लेटफार्म के गोदामों पर चलाया तलाशी और जब्ती अभियान, उपभोक्ताओं से बीआईएस केयर एप के जरिये अप्रमाणित उत्पादों की सूचना देने की अपील।
- प्रदेश के कई जिलों में कल भी दिखी होली की उमंग, मथुरा में मनाया गया पारंपरिक दाऊजी का हुरंगा, मुख्य पर्व सकुशल सम्पन्न कराने के बाद पुलिसकर्मियों ने खेली होली।
- अब घर बैठे ऑनलाइन प्रक्रिया से बिजली का लोड बढ़ा सकेंगे प्रदेश के उपभोक्ता, विभाग की वेबसाइट पर करना होगा आवेदन।
- पद्म पुरस्कार दो हजार छब्बीस के लिए ऑनलाइन नामांकन कल से हुआ शुरू।

**********

भारतीय मानक ब्यूरो– बीआईएस ने लखनऊ समेत देश के कई शहरों में अमेजॉन और फ्लिपकार्ट समेत कई प्रमुख ई–कामर्स प्लेटफार्म के अनेक गोदामों पर तलाशी और जब्ती अभियान चलाया है। हमारी संवाददाता ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य असुरक्षित और अप्रमाणित उत्पादों के वितरण पर रोक लगाना है।

**बीआईएस ने निगरानी के दौरान पाया है कि ई–कामर्स प्लेटफार्म पर अनेक अप्रमाणित उत्पाद बेचे जा रहे हैं। हालांकि इन उत्पादों पर बीआईएस चिन्ह अनिवार्य है। यह परीक्षण सुरक्षा और कामकाज के न्यूनतम मानकों के लिए आवश्यक है। बीआईएस ने उपभोक्ताओं से ऐसे उत्पादों की सूचना देने के लिए बीआईएस केयर ऐप का उपयोग करने का अनुरोध किया है। यह ऐप उपभोक्ताओं को उत्पाद के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराता है। सुपर्णा सेकिया की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से करिश्मा राय।**

**********

प्रदेश के कई हिस्सों में कल भी होली खेली गई। मथुरा में कल पारंपरिक 'दाऊजी का हुरंगा' मनाया गया। इस अवसर पर श्री दाऊजी महाराज की पूजा की गई जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट

**********

**मथुरा धर्म की नगरी बलदेव के दाऊजी मंदिर परिसर में विश्व प्रसिद्ध हुरंगा के रंग में हुरियारे और हुरियारिनें रंग गए। राधे–कृष्ण और बलदाऊ के जय–जयकार से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। यहां रंग और गुलाल हर जगह उड़ता हुआ नजर आया ब्रज के राजा श्री दाऊजी महाराज के प्रसिद्ध हुरंगा में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इस अवसर पर पुरुषों ने 'गोप' और महिलाओं ने 'गोपिका' बनकर खूब होली खेली। हुरंगा के अवसर पर महिलाएं पुरुषों को कपड़ों का कोड़ा बनाकर मारती हैं। जबकि पुरुष महिलाओं के ऊपर टेसू से बने हुए रंग डालते हैं। इस उत्सव में देश विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मुहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार मथुरा।**

पीलीभीत जिले के माधोटांडा में कल महिलाओं ने ठाकुरद्वारा मंदिर में इकट्ठा होकर होली खेली। एक रिपोर्ट

**********

**महिलाओं की टोलियां होली के पारंपरिक गीत गाती हुई पूरे इलाके में घूमीं और सड़क पर नजर आने वाले राहगीरों से फगुआ वसूला। इस दौरान गांव के पुरुष घर के अंदर ही रहते हैं। लम्बे समय से चली आ रही यह परंपरा आज भी महिला सशक्तिकरण की एक अनूठी मिसाल बनी हुई है। सतीश चंद्र मिश्र आकाशवणी समाचार पीलीभीत।**

**********

प्रयागराज में भी दो दिन तक होली खेलने की परम्परा है। इसके तहत कल सुबह से लोगों ने सड़कों पर निकलकर एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाया। वहीं कौशाम्बी के कड़ा धाम माता शीतला के दरबार में भक्तों ने गुलाल और फूलों की होली खेली।

प्रदेश भर में होली का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के बाद कल पुलिस कर्मियों ने जमकर होली खेली। लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, मेरठ, मथुरा और संभल समेत अन्य जिलों की पुलिस लाइनों, थानों और चौकियों में होली का उत्साह देखने को मिला। इस दौरान प्रशासनिक और पुलिस कर्मियों ने एक–दूसरे को रंग लगाया और होली की शुभकामनायें दी। होली के दूसरे दिन कल श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

**********

होली पर्व के बाद अपने गंतव्य पर लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे एक सौ अट्ठानवे फेरों में छियालिस त्योहार विशेष गाड़ियां चला रहा है। यह जानकारी मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

**********

उत्तराखंड में कल से शुरू हुए मां पूर्णागिरी मेले में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूर्वोत्तर रेलवे का इज्जतनगर मंडल विशेष रेलगाड़ी चला रहा है। मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि तीस जून तक प्रतिदिन कासगंज –टनकपुर–कासगंज रेल खण्ड पर पीलीभीत और बरेली होकर एक जोड़ी माँ पूर्णागिरि मेला विशेष सवारी गाड़ी का संचालन किया जा रहा है।

**********

प्रदेश सरकार ने अब बिजली लोड बढ़ाने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की तरफ से शुरू हुई इस नई प्रक्रिया से उपभोक्ता घर बैठे बिजली का लोड बढ़ा सकेंगे। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए बिजली विभाग की वेबसाइट डब्लू डब्लू डब्लू डॉट यूपीपीसीएल डॉट ओआरजी पर जाकर 'लोड परिवर्तन अनुरोध' के लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यूपी पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बताया कि इस डिजिटल प्रक्रिया से प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को पारदर्शिता के साथ समयबद्ध सेवा मिल सकेगी।

**********

अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार–दो हजार छब्बीस के लिए ऑनलाइन नामांकन कल से शुरू हो गये। नामांकन की अंतिम तिथि इकतीस जुलाई दो हजार पचीस है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी। एक रिपोर्ट

**********

**पद्मविभूषण, पद्मभूषण और पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। इन पुरस्कारों के अंतर्गत 'उत्कृष्ट कार्य' के लिए सम्मानित किया जाता है। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों और विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों तथा सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। समाचार कक्ष से राजेश मीणा।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगर गरीब की जमीन पर किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल उसे कब्जा मुक्त कराएं। साथ ही दबंगों पर सख्त कारवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आये लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की सभी संस्थाओं की वार्षिक समीक्षा और आगामी शैक्षणिक सत्र की भावी कार्ययोजना को लेकर बुलाई गई बैठक की कल अध्यक्षता भी की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि परिषद की शैक्षिक संस्थाओं का एक ध्येय होना चाहिए कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को शत प्रतिशत लागू कर प्रदेश और देश में खुद को रोल मॉडल के रूप में स्थापित करें।

**********

ग्रेटर नोएडा में कल से द्वितीय इंडियन इंटरनेशनल सॉफ्ट टेनिस चौंपियनशिप और पहली साउथ एशियन सॉफ्ट टेनिस चौंपियनशिप शुरू होगा। प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश यादव उपस्थित रहेंगे। प्रदेश के एमेच्योर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह चौम्पियनशिप छब्बीस मार्च तक चलेगी। इस प्रतियोगिता में अलग–अलग देशों के करीब दो सौ पचास खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

**********

यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन प्रदेश के दो सौ इकसठ केन्द्रों पर उन्नीस मार्च से होगा। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि मूल्यांकन के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों के सभी संबंधित अधिकारी बोर्ड मुख्यालय पर कल और अठारह मार्च को आयोजित दो दिवसीय मूल्यांकन  कार्यशाला में शामिल होंगे।

**********

प्रदेश के पश्चिमी जिलों में शुक्रवार से ही बूंदाबांदी और बारिश का सिलसिला जारी है। पीलीभीत और जौनपुर जिले में कल रात से ही बूंदाबांदी हो रही है। वहीं अमरोहा जिले में आज सुबह बारिश हुई । मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश में कई स्थानों पर आज गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि प्रदेश में कुछ स्थानों पर आज वज्रपात भी हो सकता है। इसके बाद इक्कीस मार्च तक मौसम लगातार शुष्क रहेगा।

**********